**International Indian School- Dammam**

**Class X** **Hindi Course- B**

**'Questions compiled from previous years Board Papers'**

**खंड - 'अ' (वस्तु परक प्रश्न)**

**प्र. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए-**

**19वीं शताब्दी में यह राष्ट्रीय जागरण संपूर्ण भारत में किसी- ना- किसी रूप में अभिव्यक्त हो रहा था, जिसमें भारतीयता के साथ आधुनिकता का संगम था । स्वामी विवेकानंद ने तो अमेरिका, इंग्लैंड आदि देशों से भारत लौटकर पूर्व और पश्चिम के श्रेष्ठ तत्वों के सम्मिलन से भारत को आधुनिक बनाने का स्वप्न देखा था। उन्होंने माना कि भारत और पश्चिम की मूल गति एवं उद्देश्य भिन्न है, परंतु भारत को जागना होगा, कुसंस्कारों एवं जाति -विद्वेष को त्यागना होगा, शिक्षित होकर देश की अशिक्षित गरीब जनता को ही 'दरिद्र नारायण' मानकर उनकी सेवा करनी होगी, उनका उत्थान करना होगा। विवेकानंद का मत था कि भारत में जो जितना दरिद्र है, वह उतना ही साधु है। यहां गरीबी अपराध एवं पाप नहीं है तथा दरिद्र की अपेक्षा धनिकों को अधिक प्रकाश की जरूरत है। वे चाहते थे कि हम नीच, अज्ञानी, दरिद्र- सभी को भाई माने और गर्व से कहें- हम सब भाई भारतवासी हैं। मनुष्य को मानव बनाना, आदमी को इंसान बनाना आवश्यक है। हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जो हमें संस्कारी मानव, हमदर्द इंसान बना सके। विचारों में विवेकानंद गांधी से अधिक दूर नहीं थे और ऐसे ही विचारकों का चिंतन 19वींसदी में भारत को उद्वेलित कर रहा था।**

**(क) किस सदी में संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय जागरण अभिव्यक्त हो रहा था?**

(1) 19वीं सदी में (2) 18वीं सदी में

(3) 20वीं सदी में (4) 21वीं सदी में

**(ख) विवेकानंद ने क्या सपना देखा था?**

(1) विदेशी तर्ज पर भारत का विकास (2) पूर्व व पश्चिम के तत्वों का मिलन

(3) भारत को आधुनिक बनाना (4) 2 व 3( दोनों)

**(ग) विवेकानंद के अनुसार भारतीयों को कैसी शिक्षा की जरूरत है?**

(1) आदमी को आदमी बनाने वाली (2) अंग्रेजी पढ़ाने वाली

(3) भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाली (4) कोई नहीं

**(घ) विवेकानंद ने किन देशों का दौरा किया?**

(1) अमेरिका, रूस (2) अमेरिका, जापान

(3) अमेरिका, चीन (4) अमेरिका, इंग्लैंड

**(ङ) विवेकानंद के अनुसार किसे अधिक प्रकाश की जरूरत है?**

(1) दरिद्र (2) धनिकों (3) सामंतों (4) कोई नहीं

**प्र. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-**

**सुभाष बाबू को पकड़ लिया गया और गाड़ी में बैठाकर लाल बाज़ार लाकअप में भेज दिया गया। कुछ देर बाद ही स्त्रियाँ जुलूस बनाकर वहाँ से चलीं। साथ में बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई। बीच में पुलिस कुछ ठंडी पड़ी थी, उसने फिर डंडे चलाने शुरु कर दिए। अबकी बार भीड़ ज्यादा होने के कारण बहुत आदमी घायल हुए। धर्मतल्ले के मोड पर आकर जुलूस टूट गया और करीब 50-60 स्त्रियाँ वही मोड पर बैठ गई। पुलिस ने उनको पकड़ कर लाल बाजार भेज दिया |स्त्रियों का एक भाग आगे बढ़ा जिसका नेतृत्व विमल प्रतिभा कर रही थी। उनको बहू बाजार के मोड पर रोका गया और वह वही मोड पर बैठ गई। आसपास बहुत बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गई, जिस पर पुलिस बीच-बीच में लाठी चलाती थी।**

**(क) सुभाष बाबू को गिरफ्तार कर कहाँ भेजा गया?**

(1) अंडमान (2) निकोबार

(3) काला पानी की सजा के लिए (4) लाल बाजार लॉकअप में

**(ख) स्त्रियों का जुलूस कहाँ टूट गया?**

(1) लाल बाजार चौक पर

(2) धर्मतल्ला चौक पर

(3) हावड़ा चौक पर

(4) बहू बाजार में

**(ग) पुलिस ने आंदोलनकारियों के साथ कैसा व्यवहार किया?**

(1) दोस्ताना व्यवहार

(2) क्रूर व्यवहार

(3) सदभावनापूर्ण व्यवहार

(4) उपरोक्त सभी

**(घ) बहू बाजार मोड पर रोके गए जुलूस का नेतृत्व कौन कर रहा था?**

(1) विमल
(2) प्रतिभा

(3) विमल प्रतिभा
(4) सुभाषचंद्र बोस

**(ङ) धर्मतल्ला के मोड पर कितनी स्त्रियाँ धरने पर बैठी थी?**

(1) 50-60

(2) 70-80

(3) 60-70

(4) 10-20

**प्रश्न: निम्नलिखित प्रश्नो में रेखांकित पदों का पदबंध भेद बतायें।**

प्र.1 **<u>दो ताकतवर लोग</u> इस चीज को गिरा पाए।**

A) विशेषण पदबंध B) क्रिया पदबंध C) संज्ञा पदबंधD) सर्वनाम पदबंध

प्र.2 **. <u>धीरे चलने वाली</u> गाड़ियाँ प्रायः देर से पहुँचती हैं।**

A) संज्ञा पदबंध B) विशेषण पदबंध C) सर्वनाम पदबंध D) क्रिया पदबंध

**प्र.3. बिजली-सी फुरती दिखाकर आपने बालक को गिरने से बचा लिया।**

A) विशेषण पदबंध B) क्रिया पदबंध C) संज्ञा पदबंध D) सर्वनाम पदबंध

**प्र.4. अयोध्या के राजा दशरथ के चार पुत्र थे।**

A)क्रिया पदबंध B) सर्वनाम पदबंध C) विशेषण पदबंधD) संज्ञा पदबंध

**प्र.5 उस छत के कोने में बैठा हुआ व्यक्ति पागल है।**

A) क्रिया पदबंध B) सर्वनाम पदबंधC) विशेषण पदबंध D) संज्ञा पदबंध

**प्र.6. उसका बेटा अत्यंत सुंदर, और आज्ञाकारी है।**

A)विशेषण पदबंध B) संज्ञा पदबंध C) सर्वनाम पदबंधD) क्रिया पदबंध

**प्र.7. शरारत करने वाले बच्चों में से कुछ पकड़े गए।**

A) क्रिया पदबंध B) सर्वनाम पदबंध C) विशेषण पदबंध D) संज्ञा पदबंध

**प्र.8 . नीम और पीपल की घनी छाँव से हमें बहुत सुख मिला ।**

A) क्रिया पदबंध B) सर्वनाम पदबंध C) विशेषण पदबंध D) संज्ञा पदबंध.

प्र.9. **विरोध करने वाले व्यक्तियों में से कोई नहीं आया।**

A) क्रियाविशेषण पदबंधB) संज्ञा पदबंधC)सर्वनाम पदबंध D) विशेषण पदबंध

**प्र.10. हवा में उड़ता गुब्बारा फट गया।**

A) विशेषण पदबंध B) क्रिया पदबंध C) संज्ञा पदबंध D) सर्वनाम पदबंध

**प्र.11. अपने भाई के साथ वह चला गया।**

A) संज्ञा पदबंध B) विशेषण पदबंध C) अव्यय पदबंध D) क्रिया पदबंध

**प्र.12. वह दुकान की ओर गया होगा।**

A) विशेषण पदबंध B) क्रिया पदबंधC) संज्ञा पदबंध D) सर्वनाम पदबंध

**प्र.13. मुझे नीलू घर से <u>दिखाई दे रही है।</u>**

A) विशेषण पदबंध B) संज्ञा पदबंध C) सर्वनाम पदबंध D) क्रिया पदबंध

**प्र.14. <u>इतनी लगन से काम करने वाला मैं</u> असफल नहीं हो सकता | रेखांकित का पदबंध है:**

A) क्रिया पदबंध B) संज्ञा पदबंध C) क्रियाविशेषण पदबंधD) सर्वनाम पदबंध

**प्र.15. मोहन नदी में <u>डूब गया।</u>**

A) संज्ञा पदबंध B) सर्वनाम पदबंध C) क्रिया पदबंध D) क्रिया विशेषण पदबंध

**प्र. रचना के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद हैं-**

**प्र1. दीपक जला और अंधेरा दूर हुआ |**

A) A) संयुक्तB) संकेत वाचकC) विधान वाचकD) मिश्र

**प्र2. बीमार होने पर आराम करना चाहिए |**

A) संयुक्त B) सरल C) मिश्र D) आज्ञार्थक

**प्र.3. जब तक आप जाओगे नहीं तब तक वे नहीं आएँगे |**

A) संयुक्त B) सरल C) मिश्रित D) तीनों में से कोई नहीं

**प्र4. यदि किताब होती तो श्यामा अवश्य पढ़ती |**

A) सरल B) संयुक्त C) संकेत वाचक D) मिश्रित

**प्र5. विद्यालय की शोभा वही बढ़ा सकता है, जो अनुशाशन में रहे।**

A) इच्छावाचक B) सरल C) मिश्रित D) संयुक्त

**प्र6. जो पेंसिल तुम्हारे पास है वह मेरी है |**

A) मिश्रित B) सरल C) संयुक्त D) विस्मयादिबोधक

**प्र.7 मैंने बच्चे को उठाया और खाना खिलाया |**

A) सरल B) संयुक्त C) मिश्रित D) आज्ञावाचक

**प्र.8. जैसे ही मेहमान आये, वैसे ही पार्टी शुरू हो गयी |**

A) समुच्चयबोधक   B) सरल   C) संयुक्त   D) मिश्रित

**प्र9. जो मेहनत करते हैं वे छात्र हमेशा सफल होते हैं |**

A) संयुक्त   B) संकेतवाचक   C) मिश्रित   D) सरल

**प्र10. 'आज धूप निकलने की संभावना है' मिश्र वाक्य में बदलिए**

A) आज धूप निकल सकती है   B) आज धूप और बारिश आने की संभावना है

C) संभावना है कि आज धूप और बारिश आएगी  D) संभावना है कि आज धूप निकले

**प्र.11. 'जब शाम हो तब लौट आना' सरल वाक्य में बदलिए।**

A) शाम होते ही घर आ जाना   B) शाम में लौट आना

C) जैसे ही शाम हो वैसे ही लौट आना   D) उपर्युक्त कोई नहीं

**निम्नलिखित प्रश्नो के सही उत्तर चुनिए।**

**प्र.1 आपा खोना - का सही अर्थ है**

**A)सामान खोना**   B)**अधिक क्रोधित होना**   C)**मौसी खोना** D)**विश्वास खोना**

**प्र2. उसे शिक्षक की नौकरी अवश्य मिल जाएगी, क्योंकि उसने ........... रहे हैं। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

A) जी तोड़ मेहनत करना   B) बीड़ा उठाना  C) बाएं हाथ का खेल होना D) पत्थर की लकीर होना

**प्र3. रमेश सरकारी नौकरी के लिए इधर उधर..................... रहा हैं। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

A) हवा खाना   B) खाक छानना   C) मेहनत करना   D) दादागिरी करना

**प्र4. मेरे पिताजी ने यह कार अपनी............ से लिया है। रिक्त स्थान पर सही मुहावरा भरे**

A) खेती करके  B) सूझ-बुझ  C) गाढ़ी कमाई  D) परिश्रम

**प्र5. पढ़ाई में मेहनत कर मैं ……..…… हो सकता हूँ। मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :-**
I. अंधों में काना राजा  II. एक पंथ दो काज III. अपना हाथ जगन्नाथ IV. पैरों पर खड़ा होना

**प्र6. सच्चे शरूवीर देश की रक्षा में प्राणों की ……………….. हैं। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए :-**
I. बाजी लगा देते हैं। II. जान लगा देते हैं। III. ताकत लगा देते हैं। IV. आहुति लगा देते हैं।

**प्र7. बड़े भाई ने छोटे भाई को ऐसी चुभती बात कही कि वह ……..…… ।**

I गला काट लेना। II. शर्मिंदा होना। III. खून बहाना IV. अपना-सा मुँह लेकर रह जाना।

**प्र8 तुम तो कभी दिखाई ही नहीं देते, तुम्हें देखने को तरस गया, ऐसा लगता है कि तुम ……..…… गए हो। रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए :-**
I. ईद के चाँद होना। II. कहीं गुम होना। III. घर से बाहर न निकलना IV. ईद के सूरज होना।

**प्र . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

**क) तताँरा और वामीरो के गाँव की क्या रीति थी ?**

**ख) कथा नायक की रूचि किन कार्यों में थी ?**

**ग) पुलिस ने बड़े-बड़े पार्कों और मैदानों को क्यों घेर लिया था ? डायरी का एक पन्ना पाठ के आधार पर बताइए ।**

**प्र. प्राचीन काल में मनोंरंजन और शक्ति-प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?**

**प्र. बड़े भाई साहब के अनुसार जीवन की समझ कैसे आती है ?**

**प्र. मीरा श्रीकृष्ण के समीप रहने के लिए क्या करने को तैयार है ?**

**प्र.** समाज में रिश्तों की क्या अहमियत है? इस विषय पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

**प्र. 'तीसरी कसम' फिल्म को सेल्यूलाइड पर लिखी कविता क्यों कहा गया है?**

**प्र. ईश्वर कण कण में व्याप्त है, पर हम उसे क्यों नहीं देख पाते?**

**प्र. तोप कविता में तोप को दो बार चमकाने की बात की गई है, यह दो अवसर कौन से होंगे?**

**प्र. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए-**

(क)परिश्रम का महत्व

- परिश्रम से ही सब कुछ संभव है

- परिश्रम ही भाग्य

- अथक प्रयास

(ख) त्योहारों का महत्व

-विभिन्न क्षेत्रों के अपने-अपने त्योहार

-विभिन्न प्रकार के त्योहार

-त्योहारों का महत्व

(ग) विद्यार्थी जीवन

-जीवन निर्माण का काल

-विद्यार्थी के लक्षण

-विद्यार्थी के कर्तव्य

**प्र. <u>पत्र लेखन</u>**

आप हरप्रीत हैं। विद्यालय में टेबिल टैनिस और प्रशिक्षक (कोच) की व्यवस्था करने के लिए प्रधानाचार्य को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

आप सृष्टि/सार्थक हैं। बंगलुरु से चेन्नई शताब्दी एक्सप्रेस में यात्रा करते समय आपका कीमती सामान वाला बैग जल्दबाजी में गाड़ी में ही रह गया। आपके द्वारा की गई शिकायत से आपको अपना बैग वापस मिल गया। प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

**प्र.** **<u>सूचना लेखन -</u>**

आप निवासी कल्याण संघ (रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) के अध्यक्ष रमेश सुब्रमण्यम हैं। अपने क्षेत्र के मुख्य पार्क में आयोजित होने वाले योग-शिविर के विषय में जानकारी देते हुए लगभग 50 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए

विद्यालय में आयोजित होने वाली कथा प्रस्तुति के लिए हिंदी विभाग के संयोजक की ओर से

सूचना लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।